(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः*vidyabhartibpl@gmail.com*

www.vidyabhartimp.org

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांक 24../2020 — दिनांक-13/06/2020

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,
मध्यभारत प्रान्त।

प्रिय बन्धुवर/भगिनी

सादर नमस्कार।

शैक्षिक सत्र 2020-21 के वार्षिक पंचांग की पुनर्रचना

जिसका पहले से कोई अनुमान नहीं था, ऐसी अचानक प्रकट हुई वैश्विक आपदा ''कोरोना'' वायरल रोग के कारण परस्पर दूरी बनाए रखने की आवश्यकता आ पड़ी है।

यह भी अनिश्चित है कि परिस्थितियाँ सामान्य कब तक होंगी। लॉक-डाउन में घरों के अन्दर बन्द रहने की विवशता अब शायद बेचैन करने लगी है। माह जून, 2020 तक नये सत्र के लिये विद्यालयों के खुलने की कोई सम्भावना नहीं दिखती है। सारे समाचारों को देखते हुए ऐसा लगता है कि शायद कुछ क्षेत्रों में अगस्त तक भी ऐसी स्थिति बनी रह सकती है। इन परिस्थितियों में हमें वैकल्पिक वार्षिक पंचांग तथा कार्य योजना पर विचार करना होगा। ताकि विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियाँ निर्बाध रूप से चलाई जा सके।

आगामी सत्र में पाठ्यक्रम, मूल्यांकन, प्रशिक्षण, कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ हमें इस प्रकार संचालित करनी होंगी कि वे उपलब्ध ा कम कार्य दिवसों में भी पूरी की जा सकें।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने वैकल्पिक वार्षिक कार्य योजना का प्रारूप तैयार कर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) तथा अन्य संस्थाओं को निर्देशित किया है। आवश्यकता अनुसार इसका उपयोग किया जा सकता है। हमें अपने विद्यालयीन कार्यक्रमों तथा गतिविधियों को भी तदनुसार सीमित करना पड़ेगा। प्रान्त, विभाग, जिला, संकुल तथा विद्यालय भी तदनुसार अपनी-अपनी कार्ययोजना निर्धारित करें। आचार्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इस वर्ष बड़े स्तर पर आयोजित न करते हुए प्रान्तों के स्थानों पर विभाग/जिला स्तर पर विशेष रूप से विषयशः वर्गों के आयोजन करने पर बल दिया जाए। नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण होने तक इस सम्बन्ध में योजना कर ली जाए। प्राचार्य/प्रधानाचार्य/वरिष्ठ आचार्यों के प्रशिक्षण की पृथक योजना बनानी चाहिए। लॉक-डाउन खुलने के उपरान्त आचार्य बन्ध ु-बहिने मई-जून माह में आगामी नियमित/ऑनलाइन कक्षाओं के लिये पाठ्ययोजना तैयार कर लें। अपने-अपने घरों में रहकर अथवा आसपास निवास करने वाले आचार्यों द्वारा छोटे समूहों में एकत्र होकर भी यह कार्य किया जा सकता है।

धन्यवाद्

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. अध्यक्ष/संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रांत प्रमुख/ समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रांत।

E:\Patil July18-19 \Paripatra